राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

सी–7(ए) सुल्तान हाउस सवाई जयसिंह हाईवे बनीपार्क जयपुर –302016
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804
Email-id pmcrajasthangov.in@gmail.com, Contact : 0141-4004914

क्रमांकःपं. 70 / पैरामेडि.कौं / मान्यता / 2023 / 91 दिनांक :– 01/03/2023

–::कार्यालय आदेश::–

Apex Career Institute of Paramedical K.K. Plaza Opp. Arya samaj Road, near Bheru Chouck, Sumerpur, Pali को इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 5893 दिनांक 27.11.2015 द्वारा संस्थान को डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेट्री टैक्नोलोजी, डिप्लोमा पैरामेडिकल पाठ्यक्रम संचालन हेतु 25 सीटो की अस्थाई मान्यता प्रदान की गई थी।

Apex Career Institute of Paramedical Sumerpur, Pali के विरूद्ध संस्था में अध्ययनरत छात्राओ द्वारा प्रैक्टिकल फाईल की जॉच करने व कॉलेज की मोहर व हस्ताक्षर लगाने के 3,000/– प्रति अभ्यर्थी मांगे जा रहे है, पैसे देने से मना करने पर कॉलेज वालो ने हमारी प्रेक्टिकल फाईल पर मोहर व हस्ताक्षर करने से साफ इन्कार कर दिया है, इस बाबत कौंसिल को शिकायत प्राप्त हुई।

उपरोक्त शिकायत के संबंध में संस्था से स्पष्टीकरण चाहे जाने हेतु कौंसिल द्वारा दिनांक 08.02.2023 को नोटिस जारी किया गया, इसके संबंध में संस्था ने स्पष्टीकरण चाहे जाने के संबंध में सूचना ई–मेल द्वारा कौंसिल को प्रेषित की गई।

कौंसिल के पत्र क्रमांक 17 दिनांक 17.2.2023 द्वारा उक्त शिकायत के क्रम में संस्था प्रतिनिधि को दिनांक 22.02.2023 को मय दस्तावेजात कौंसिल कार्यालय में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था इस संबंध में संस्था की और से संस्था प्रतिनिधि श्री गोकुल राम ने उपस्थित होकर अपने बयानो से अवगत करवाया कि ऐपेक्स इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल संस्थान की छात्राओ द्वारा 3000/– रूपये प्रत्येक विधार्थी से प्रेक्टिकल के नाम से संस्थान द्वारा मांगे जाने की शिकायत की गई थी, उक्त शिकायत मेरे अनुसार गलत है। बच्चो ने शिकायत क्यो कि इसका उत्तर मेरे पास नहीं है। संस्था के दूसरे प्रतिनिधी श्री दयानन्द यादव ने अपने बयानो में यह स्पष्ट किया कि डॉ. राजेश प्रजापत अध्यक्ष ऐपेक्स केरियर इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल द्वारा दिनांक 22.02.2023 को संस्थान की और से कौंसिल में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया और अध्यक्ष की और से प्रस्तुत जवाब आपको प्रस्तुत कर दिया गया है। आगे उन्होने बयानो में स्वीकार किया कि छात्रो ने लाईब्रेरी से पुस्तके Issue करवाई थी जमा नहीं करवाने पर उनसे पुस्तको की कीमत के रूप में 3000/– रूपये की मांग की गई। श्री यादव से छात्राओ को Issue की गई पुस्तको के रजिस्टर की प्रति चाहे जाने पर उनके द्वारा उक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थता जाहिर की गई।

उपरोक्त वर्णितानुसार छात्राओ द्वारा की गई शिकायत, पर संस्था द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण, स्पष्टीकरण के साथ संलग्न छात्रा द्वारा लिखित पत्र दिनांक 09.02.2023 तथा संस्था के प्रतिनिधी श्री दयानन्द यादव एवं श्री गोकुल राम के विरोधाभाषी बयानो से यह स्पष्ट है कि संस्था द्वारा प्रेक्टिकल फाईल चैक करने के नाम पर प्रति छात्र 3000/– रूपये की अनुचित मांग की गई।

अतः उपरोक्त विवेचन को मध्येनजर रखते हुये Apex Career Institute of Paramedical K.K. Plaza Opp. Arya samaj Road, near Bheru Chouck, Sumerpur, Pali को डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेट्री टैक्नोलोजी, डिप्लोमा पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2022–23 से छात्र आवंटन पर अस्थाई रोक लगाई जाती है।

(कैलाश नारायण मीना)
R.A.S.
रजिस्ट्रार

क्रमांकःपं. 70 / पैरामेडि.कौं / मान्यता / 2023 / 91 दिनांकः– 01/03/2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रधानाचार्य, (Apex Career Institute of Paramedical K.K. Plaza Opp. Arya samaj Road, near Bheru Chouck, Sumerpur, Pali.)
2. सचिव शनैश्वरम मानव सेवा समिति रावतसर।
3. लेखा / काउन्सलिंग / परीक्षा / विधि / पंजीयन / स्टोर शाखा कार्यालय हाजा को पालनार्थ।
4. सर्वर रूम को भेजकर लेख है कि उक्त आदेश को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करावे।
5. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार